PIC : DAINIK JAGRAN I NEXT

आइआइएम रांची में बोलते वेंकैया नायडू.

वाइस प्रेसिडेंट ने यूथ को दिए लीडरशिप के 5 मंत्र

ranchi@inext.co.in

RANCHI (16 Feb) : लीडरशिप के लिए जिन एलिमेंट्स की जरूरत है, उनमें बेहद अहम है पांच अलग-अलग क्वालिटीज. इन क्वालिटीज को डेवलप कर ही स्टूडेंट्स खुद को एक लीडर के रूप में डेवलप कर सकते हैं. इन्हीं क्वालिटीज को लेकर वाइस प्रेसिडेंट एम वेंकैया नायडू ने आईआईएम, रांची के स्टूडेंट्स को एड्रेस किया. रविवार को रांची यूनिवर्सिटी के आर्यभट्ट ऑडिटोरियम में श्री नायडू ने अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस के तहत आयोजित लेक्चर में स्टूडेंट्स को एक बेहतरीन लीडर बनने के टिप्स दिए. वाइस प्रेसिडेंट ने पांच प्वाइंट्स में अपने व्यक्तित्व को निखारने के टिप्स देते हुए कहा कि किसी भी लीडर में वीजन, कैरेक्टर, डेडिकेशन, बिहेवियर और कैपिसिटी होना बहुत जरूरी है. उन्होंने कहा कि नेतृत्व करने वाला अपनी जिम्मेदारियों के साथ सकारात्मक परिणाम समाज और देश को दे सकता है.

किसी भी क्षेत्र में बन सकते हैं लीडर

श्री नायडू ने कहा कि लीडर का यह मतलब नही कि वह राजनीति से ही जुड़ा है. लीडर किसी भी क्षेत्र का में हो सकता है. एक लीडर में जाति, समुदाय, नकदी और आपराधिकता नही होना चाहिए. वे इन सब चीजों को बढ़ावा देकर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करते हैं.

शासन करने वाले का जिम्मेदार होना जरूरी

वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि कौटिल्य ने कहा था शासन करने वाला जिम्मेदार होगा तो सुशासन होगा. शासक को जनता का सेवक होना चाहिए. कानून का पालन हो, पारदर्शिता हो, जिम्मेदारी हो, प्रभावशाली व्यवस्था हो और भ्रष्टाचार न हो. तभी सुशासन परिलक्षित होगा.

युवा बेहतर विजन के साथ आगे आएं

श्री नायडू ने युवाओं को इंगित कर कहा कि भारत विश्वगुरु था. पूरी दुनिया के लोग यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे. यहां की आबो हवा अद्भुत है. देश के युवा बेहतर विजनके साथ आगे आए. देश का मान बढ़ाएं.

एम वेंकैया नायडू ने आईआईएम स्टूडेंट्स को नेतृत्व क्षमता और सुशासन विषय पर दिया लेक्चर

अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस के तहत आयोजित हुआ व्याख्यान

क्या-क्या कहा

- परेशानियों को मैंने चुनौती के रूप में स्वीकार किया
- युवा बेहतर विजन, अपने स्वाभिमान के साथ आगे आएं और देश का मान बढ़ाएं

स्टूडेंट्स ने भी पूछे सवाल

आईआईएम के स्टूडेंट नमन ने पूछा कि आपके जीवन में जो परेशानियां आई उसका सामना कैसे किया? वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि परेशानियों को मैंने चुनौती के रूप में स्वीकार किया. 45 साल से जनता की सेवा में जुटा हूं. लोगों से मिलना, बात करना अच्छा लगता है.

लीडरशिप के लिए बताया इन पांच चीजों को इम्पॉर्टेंट

1 विजन
2 कैरेक्टर
3 डेडिकेशन
4 बिहेवियर
5 कैपासिटी

Dainik Jagaran I Next. 17.02.2020. Pg. 01